

आने जाने वाले लोगों का सामान चेक करते सुरक्षा जवान।

# सीमा पर ड्रोन से निगरानी बिना पहचान पत्र प्रवेश नहीं

**श्रावस्ती,संवाददाता।** पड़ोसी देश नेपाल में हो रही हिंसा को लेकर भारत के सुरक्षा बल भी सतर्क हो गा है। सीमा की सुरक्षा के लिए चौकसी बढ़ा दी गई है और संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी ड्रोन से की जा रही है। जिले के आला अधिकारी भी नेपाल सीमा पर गश्त कर रहे हैं। वहीं बिना पहचान पत्र के किसी भी व्यक्ति को भारत में प्रवेश नहीं दिया जा रहा है।

नेपाल में पिछले तीन दिनों से हिंसा चल रही है। जिसे देखते हुए श्रावस्ती प्रशासन भी सतर्क हो गया है। श्रावस्ती की करीब 62 किलोमीटर सीमा नेपाल से लगती है। लेकिन कोई व्यापारिक मार्ग नहीं है। केवल सुइया मार्ग से ही लोग सड़क मार्ग से भारतीय सीमा से नेपाल में जाते और आते हैं।

## हर घंटे हो रही है समीक्षा खुफिया तंत्र सक्रिय

इंडो-नेपाल सीमा क्षेत्र की सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी खुद नेपाल सीमा पर गश्त कर रहे हैं। उन्होंने मंगलवार को मल्हीपुर एवं सिरसिया थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाकों में भारी पुलिस बल व सशस्त्र सीमा बल के साथ एरिया डोमिनेशन व फ्लैग मार्च किया। एसपी ने बताया कि खुफिया इनपुट के आधार पर सुरक्षा और अधिक सतर्कता पूर्वक लागू की गई है।

श्रावस्ती की सीमा से सटे नेपाली क्षेत्र में कोई बाजार नहीं है। नेपाल में हिंसा का असर गांवों में नहीं दिख रहा है। इसके बाद श्रावस्ती प्रशासन ने सीमा पर सख्ती शुरू कर दी है।

# ड्रोन कैमरों के माध्यम से सीमा क्षेत्र की हो रही निगरानी

» संदिग्ध गतिविधि पर पुलिस व एसएसबी की पैनी नजर

» सद्भावना का प्रतीक



श्रावस्ती। इंडो-नेपाल सीमा क्षेत्र की सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने तथा नेपाल में बदलते हालात और संवेदनशील गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए संभावित आपराधिक व असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा थाना मल्हीपुर एवं थाना सिरसिया के सीमावर्ती इलाकों में भारी पुलिस बल व सशस्त्र सीमा बल (स्स्ब) के साथ एरिया डोमिनेशन/फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गहन जांच की गई। साथ ही ड्रोन कैमरों के माध्यम से सीमा क्षेत्र की रीयल-टाइम मॉनिटरिंग भी की जा रही है, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई हो सके। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अधिकारियों द्वारा सीमावर्ती इलाकों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बॉर्डर पर धार्मिक स्थलों एवं सार्वजनिक स्थलों की भी विशेष चेकिंग की गई, जिससे कोई असामाजिक तत्व धार्मिक आस्थाओं का दुरुपयोग न कर पाए। खुफिया इनपुट के आधार पर सुरक्षा और अधिक सतर्कतापूर्वक लागू की गई है।वर्तमान में सीमा पर नियमित गश्त, कॉम्बिंग अभियान, ड्रोन निगरानी एवं संयुक्त रणनीतिक चेकिंग प्वाइंट्स के माध्यम से सुरक्षा तंत्र को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। इस परिप्रेक्ष्य में यह स्पष्ट है कि सीमा क्षेत्र की सुरक्षा न केवल मजबूत की गई है बल्कि इसे लगातार और भी सघन बनाया जा रहा है, ताकि किसी भी अवांछनीय अथवा आपराधिक गतिविधि को समय रहते विफल किया जा सके। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सीमा क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर जनपदीय पुलिस पूरी तरह चौकस है और लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रही है।